भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 667

(जिसका उत्तर 16 अगस्त, 2012/25 श्रावण, 1934 (शक) को दिया जाना है)

विदेशों में भारतीय बैंकों की शाखाएं खोला जाना

667. श्री ईश्वरलाल शंकरलाल जैन:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार भारत के मित्र देशों में भारतीय बैंकों की शाखाएं खोलने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) कितने बैंकों ने विदेशों में अपनी शाखाएं खोले जाने के संबंध में रुचि दिखाई है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीना)

(क) से (ग) : व्यापार और द्विपक्षीय समझौतों को मजबूत करने के लिए विदेशी अधिकार क्षेत्र में बैंकिंग नेटवर्क विस्तार को ध्यान में रखते हुए सरकार सरकारी क्षेत्र के सुदृढ़ एवं सक्षम बैंकों को अपने नेटवर्क का विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। सरकारी क्षेत्र के बैंक अपनी अर्थक्षमता, कारोबार संभावना, मेजबान देश के विनियम आदि जैसे विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए अपनी विदेशी शाखा विस्तार योजना बनाते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने सूचित किया है कि अनेक भारतीय बैंकों ने अपने विदेशी नेटवर्क का विस्तार करने में रूचि दिखाई है।

****